# जून तक चालू हो जाए महिला घाट पुल:डीएम

## यमुना पर बन रहे पुल का किया मुआयना, संपर्क मार्ग 15 जून तक बनाने को कहा

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


निर्माणाधीन पुल का मुआयना करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शनिवार को यमुना नदी पर निर्माणाधीन महिला घाट पुल का मुआयना किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को हिदायत दी कि हर हाल में निश्चित समयसीमा में इसे बना दिया जाए। जुलाई तक इस पर आवागमन शुरू हो जाना चाहिए।

कार्यदायी संस्था सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि पिलर की कास्टिंग का काम इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। जून में ऊपर पैरलल का काम भी पूरा हो जाएगा। डीएम ने एक्सईएन लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक कृष्ण कुमार को निर्देश दिए कि पुल के दोनों ओर अप्रोच रोड प्रत्येक दशा में 15 जून तक बन जाए। समयसीमा के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण काम कराया जाए। प्रत्येक दशा में जून के अंत तक काम पूरा हो जाना चाहिए कि जुलाई के अंत तक इसे आवागमन के लिए शुरू कराया जा सके। एसडीएम राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार विजय यादव, बीडीओ रामजी मिश्रा, एक्सईएन बीके गौतम, प्रोजेक्ट मैनेजर मित्तल बिरोदर एंड कंट्रक्शन कंपनी लखनऊ फरीद अहमद, थानाध्यक्ष अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।


साल से अधर में मऊ-महिला घाट पुल निर्माण

'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

### 'अमृत विचार' ने छापी थी खबर

गौरतलब है कि पुल निर्माण में देरी को लेकर 'अमृत विचार' अपने एक अप्रैल के अंक में '14 साल से अधर में मऊ-महिला घाट पुल निर्माण' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर चुका है। इसमें यह भी बताया गया था कि देरी से लागत में तीन गुना तक बढ़ोत्तरी हो गई।

### समय से पूरा हो जाएगा कामः प्रोजेक्ट मैनेजर

मऊ-महिला पुल के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने पुल का निरीक्षण किया है। बताया कि पुल का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बरसात के पहले पहले पुल के नीचे का काम पूरा हो जाएगा। इसके लिए पूरी टीम प्रयासरत है।

## अतुल अंजान के निधन पर भाकपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अतुल अंजान के निधन पर पार्टी कार्यालय में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा की गई। नेताओं ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने कहा कि अतुल जमींदार घराने के होते हुए भी आजीवन मेहनतकशों, किसानों व गरीबों की लड़ाई लड़ते रहे। उत्तर भारत के बड़े वाम नेता के रूप में मुखर होकर किसानों के लिए लड़ाई लड़े। कृषि कानूनों को निरस्त कराने में उनकी । उन्हें आधा दर्जन भाषाओं की जानकारी थी। उनके निधन से वाम आंदोलन को गहरी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। रामचंद्र सरस ने कहा कि अंजान छात्र राजनीति के दौरान ही वामपंथी दल में शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में रामप्रसाद सिंह, मदन भाई पटेल, कमलेश, संदीप कुमार पांडेय, सुशील, शिवबरन, रामू यादव, महेंद्र प्रताप, कल्लू, सोनू आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गांव में चौपाल लगाकर जागरूक करते एसडीएम प्रमोद झा। अमृत विचार

### हर बूथ पर नियुक्त किए जाएंगे पांच मतदान मित्र

**राजापुर (चित्रकूट)।** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नादिन कुर्मियान में मतदाता जागरूकता महाभियान के तहत चौपाल लगाई। ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। हर मतदान केंद्र पर दो दो पंचायत मित्रों की तैनाती की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार एक मौलिक अधिकार है। प्रलोभन, शराब, उपहार व भय व्याप्त कर वोट डलवाना संविधान के विरुद्ध है। निष्पक्ष मतदान से विकास की संभावनाएं बनती हैं। स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति का चयन करना अधिकार है। बताया कि बूथों में बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पांच- पांच लोगों को मतदान मित्र के रूप में नियुक्त किया जाएगा। ये किसी भी राजनीतिक पार्टी से संबंध न रखते होंगे। हर मतदेय स्थल पर दो मतदान मित्र भी तैनात किए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि पिछली बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बहुत कम मतदान हुआ था। मतदाता जागरूकता महाभियान तभी सार्थक होगा, जब सभी वोट डालेंगे। चौपाल में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, लेखपाल कपिलमुनि पांडेय, कैलाश सिंह, गुमान सिंह, रमेश सिंह, डॉ. अवधेश सिंह, राजनारायण द्विवेदी, रामनरेश वर्मा, सोनू तिवारी, मान सिंह, राजकुमार राजपूत, लाल सिंह, छेदीलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के एसआई राजोल नागर ने वारंटी रामबाबू त्रिपाठी निवासी सरैया को गिरफ्तार किया। उधर, एसआई मऊ कृपानंदन शर्मा ने वारंटी शनि तिवारी निवासी यमुना रोड को पकड़ा।

### अमित यादव बने स्टार प्रचारक


अमित यादव।

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट को अपनी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। उनको यूपी की उन सात लोकसभा सीटों और एक विधानसभा सीट, जहां उपचुनाव होना है, में चुनाव प्रचार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमित का कहना है कि वह पार्टी द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### डीएम को संवेदन व अतिसंवेदनशील बूथों की जानकारी दी

**चित्रकूट।** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी कलाइराशि की अध्यक्षता में व डीएम अभिषेक आनंद, एसपी अरुण कुमार सिंह व सीडीओ अमृतपाल कौर की उपस्थिति में शनिवार को मतदानकार्मिकों व सुरक्षा बलों का रेंडमाइजेशन किया गया। डीएम ने संवेदन व अतिसंवेदनशील बूथों के बारे में बताया। इस मौके पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित आदि मौजूद रहे।


व्यवस्थाओं की जानकारी लेते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

### अधिक से अधिक संख्या में बिना भय के करें मतदान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शनिवार को मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सेसा शिवपुर में चुनाव संबंधी तैयारियों को देखा। सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया कि वे बिना किसी भय के वोट डालें। डीएम ने गांववालों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बीके गौतम को निर्देश दिए कि बूथ पर मतदान के दिन छाया, पानी आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों से 85 प्लस मतदाता, मृतक, दिव्यांग, महिला, पुरुष मतदाता एवं नए मतदाताओं के संबंध में जानकारी की। डीएम ने निर्देशित किया कि मतदाता पर्ची प्रत्येक घर-घर में शत प्रतिशत बंटनी चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान कर सकें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार विजय यादव, खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### स्टांप में कमी पाएं तो जमा कराएं धन

**मऊ।** जिलाधिकारी ने शनिवार को मवई रोड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्टांप विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। सब रजिस्टार अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि दोनों विलेखों का परीक्षण किया जाए। अगर स्टांप की कमी पाई जाए तो तत्काल नोटिस जारी कर धनराशि जमा कराई जाए। इस मौके पर विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कार्यों को सराहा

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, भारतीय विश्वविद्यालय संघ और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में बीते दिनों दिल्ली में हुई कार्यशाला में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रस्तुति ने अन्य कुलपतियों, निदेशकों और प्राध्यापकों की वाहवाही पाई। विवि के कार्यों को सराहना मिली। भारतीय परंपराओं पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. ललित कुमार सिंह ने प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### आदिवासी बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास

**चित्रकूट।** प्राथमिक विद्यालय हनुमानगंज के प्रधानाध्यापक शिवनारायन ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जंगलों में रह रहे आदिवासी बच्चों को स्कूल तक लाने का प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने चिंता जताई कि अभिभावकों के अशिक्षित होने के कारण बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। या तो ईंट भट्ठों में बच्चों सहित पलायन कर जाते हैं या फिर मजदूरी में लगा देते हैं। सरकार का यह मिशन अधूरा रह जाता है।

### अंधेरे में रह रहे दुर्गादास का पुरवा के बाशिंदे

**चित्रकूट।** दुर्गादास का पुरवा में कई दिन से बिजली नहीं है। इससे लोगों को भीषण गर्मी में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि यह मजरा जिला मुख्यालय के नजदीक है। इसके बाद भी जिम्मेदारों को चिंता नहीं है। लोगों ने बताया कि गांव में एक सप्ताह से अधिक समय से हाईटेंशन की तार टूटी है पर इसे जोड़ा नहीं गया। पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

### किशोरी ने आत्महत्या की

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र अंतर्गत पुरानी लंका के पास एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। खुदकुशी की वजह पता नहीं चल सकी। बताया जाता है कि किशोरी भीटापुरवा की रहने वाली है।

### आईसीएआर और डीआरआई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**सीतापुर (चित्रकूट)।** शनिवार को आरोग्य धाम कार्यालय में आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज, आईसीएआर, डीएआरई, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय पूसा कैंपस नई दिल्ली और दीनदयाल शोध संस्थान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने एमओयू पर दस्तखत किए। इस अवसर पर डा. मनोज त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## साहब! हैंडपंप से पानी नहीं भरने देता गांव का युवक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- महिला ने एसपी को पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार।** राजापुर थानांतर्गत सुरजुआपुरवा मजरा भटरी निवासी महिला ने एसपी को पत्र भेजकर गांव के एक व्यक्ति पर सरकारी हैंडपंप से पानी लेने से मना करने का आरोप लगाया है।

अनुसूचित जाति की महिला ने बताया कि उसके ससुर के नाम सरकारी हैंडपंप स्वीकृत हुआ था, जो उसके पड़ोस में लगा है। आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले सवर्ण परिवार के व्यक्ति ने हैंडपंप से सबमर्सिबल जोड़ लिया है। वह उन लोगों को पानी नहीं भरने देता। उसने बताया कि दो मई को इस संबंध में उसने थाने में भी सूचना दी पर कोई फायदा नहीं हुआ। उसने एसपी से आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर न्याय की गुहार की है। राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ऐसा कोई मामला थाने नहीं आया है। तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई करेंगे।



महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शनिवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसके चतुर्वेदी, स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. एस कुरील, बीईओ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। अमृत विचार

## जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**चित्रकूट।** भरतकूप अंतर्गत भारतपुर तरांव निवासी रमेश चंद्र, सुखलाल, श्यामकिशोर पटेल, लल्लू, विनोद कुमार, कमल गुप्ता आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कुछ लोगों पर मंदिर के आसपास की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि जमीन की पैमाइश के लिए हल्का लेखपाल की जगह टीम का गठन कर दिया जाए, जिससे वास्तविकता सामने आ सके।

## किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** पड़ोसी जनपद बांदा के ग्योड़ी गांव निवासी क्रांति (18) पुत्री नन्नू ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।


बच्चों के साथ शिक्षक व मेहमान। अमृत विचार

## बचाओ नहीं तो भविष्य में नहीं मिलेगा शुद्ध पानी

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

- कार्यशाला में बच्चों को किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत छीबों के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बच्चों को जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। वक्ताओं ने बच्चों को जल संरक्षण के लिए जागरूक होने की सीख दी।

कार्यशाला का आयोजन यूनोप्स और टेरी संस्था ने किया। आशीष कुमार ने जलवायु परिवर्तन पर जानकारी दी। बताया कि जलवायु परिवर्तन पर ध्यान न दिया जाए तो स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। विधि ने किशोरियों को स्वच्छता और माहवारी प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि माहवारी के दौरान सूती कपड़े से बने पैड, सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें और तीन-चार घंटे पर इसको बदलते रहें।

वक्ताओं ने बच्चों को पानी का महत्व समझाया। कहा कि हमें इसे बचाने के लिए भी जागरूक होना होगा नहीं तो आने वाले समय में पेयजल नहीं मिल पाएगा। शिक्षक महेंद्र द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने को प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश सिंह ने खानपान को लेकर ग्रामीणों को और अधिक जागरूक करने की आवश्यकता बताई।

## सत्संग आत्मा को बनाता है शक्तिशाली : श्यामसुंदर

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन


कथावाचक।

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ मोरगौली मोड़ स्थित सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा के पास हो रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथाव्यास डॉ. श्यामसुंदर पारासर ने कहा कि कलियुग में केवल प्रभु के नाम के जाप से मोक्ष मिल जाता है।

उन्होंने कहा कि वाल्मीकि ने उल्टा नाम जप कर ऋषि की उपाधि धारण की थी। कथावाचक ने कहा कि जो व्यक्ति शास्त्रों में बताए नियमों के आधार पर चलता है, वह साकेतगामी होता है। सत्संग आत्मज्ञान के साथ आत्मा को शक्तिशाली बनाता है। सृष्टि के अंधकार को नष्ट करने के लिए भगवान भास्कर की आवश्यकता होती है लेकिन मानव शरीर के अंदर अंधकार को नष्ट करने के लिए सद्गुरु की आवश्यकता है। संतोष त्रिपाठी, घनश्याम द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशू पांडेय, पप्पू द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, राजेंद्र द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, रितेश पांडेय, गौरीदत्त द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


श्रीमद्भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार


शास्त्रीनगर में खुला पड़ा नाला। अमृत विचार

## बीमारियों को दावत दे रहा शास्त्रीनगर का नाला

**चित्रकूट।** नगर पालिका अंतर्गत शास्त्रीनगर में खुली नाले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नाले से बदबू आ रही है, जिससे वहां से गुजरने वालों को दिक्कत हो रही है। इसके अलावा संक्रामक रोगों की भी आशंका जताई जा रही है।

शास्त्रीनगर के बाशिंदों का कहना है कि यह कई साल से इसी तरह खुला है। कई बार ईओ को बताया गया पर सुनवाई नहीं की गई। किराना व्यवसायी पप्पू कहते हैं कि रोजाना लोग उनकी दुकान आते हैं और यहां दुर्गंध की वजह से उनका खड़ा होना भी दूभर होता है। इससे उनके व्यापार को घाटा लग रहा है। लोगों ने बताया कि कई लोगों ने सेप्टिक टैंक के पाइप भी इसी नाले से जोड़ रखे हैं।

### नाले में टैंक का पानी गिराना अपराध : ईओ

ईओ लालजी ने बताया कि अगर किसी सेप्टिक टैंक से गंदगी नाले में गिरा रहा है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें सीधे एफ आईआर के आदेश हैं। जल्द ही मौके का मुआयना कर मामले का निस्तारण कराया जाएगा।

अव्यवस्था — अभियानों की असलियत बयां कर रहीं बजबजाती नालियां, टूटी सड़कें और बिगड़े हैंडपंप

# स्वच्छता अभियान के दावे कागजों तक सीमित

अनदेखी

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** स्वच्छता और अन्य तमाम तरह के अभियानों की हकीकत जाननी हो तो किसी भी गांव-मजरे में चले जाइए। बजबजाती नालियां, टूटी-फूटी सड़कें, बिगड़े हैंडपंप असलियत खुद ब खुद बता देंगे। जाहिर है, फाइलें दुरुस्त की जा रही हैं और हकीकत पर पर्दा डाला जा रहा है।

गांवों की कौन कहे, पहाड़ी मुख्यालय की हालत ही बदतर है। नालियां पूरी तरह से चोक हो गई हैं। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। जिम्मेदारों को इसकी चिंता नहीं। पहाड़ी में सफाईकर्मी तो तैनात हैं लेकिन उनको कहां, कब काम करना है, कब आना है, यह बताने वाला कोई नहीं है। कुछ माह पहले त्रिस्तरीय समिति गठित की गई पर इसका कोई फायदा नजर नहीं आया।

निष्क्रियता के चलते सफाईकर्मी भी मनमानी पर उतारू है। जगह-जगह गंदगी का अंबार है। कल्लू भारद्वाज, गुड्डा भारद्वाज, राकेश पांडेय, इस्लाम, बड़का गौतम आदि ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।


पहाड़ी की एक बदहाल गली।


गंदगी से बजबजाती नाली। अमृत विचार

### मंदिर जाने वाला रास्ता बदतर

लोग बताते हैं कि कस्बे के लोगों की आस्था का केंद्र ग्राम देवी मंदिर जाने वाले रास्ते का भी हाल बदतर है। नालियां पूरी तरह से चोक हैं। गंदा पानी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहा है।

### सड़क किनारे की झाड़ियों से भी खतरा

लोगों ने यह भी बताया कि गांव में दवा का छिड़काव कई वर्षों से नहीं कराया गया। रास्तों के किनारे बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई हैं, जिनसे जहरीले जंतुओं की आशंका बनी रहती है।

## पांच आरोपी गिरफ्तार शराब बरामद

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के एसआई राजोल नागर ने मयंक कुमार निवासी इंद्रानगर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। राजापुर के एसआई इमरान खान ने अमित सोनकर निवासी गोस्वामीनगर को 30 क्वार्टर, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव कुमार तिवारी ने भरतलाल निवासी डिलौरा को 28 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा। बहिलपुरवा थाने के एसआई जनार्दन प्रताप सिंह ने रामप्रताप कोल निवासी बिजहना कोलान मजरा बड़ी मडैयन को 10 लीटर कच्ची शराब, मारकुंडी एसआई हर्षित मिश्रा ने मुन्ना निवासी दुधबनिया को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# एक दर्जन नामांकन खारिज 12 उम्मीदवार ठोंक रहे ताल

## जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्रों की जांच, दो दर्जन थे उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में जहां 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन दाखिल करके दो दर्जन उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में ताल ठोंकी थी, वहीं नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक-दो नहीं बल्कि पूरे दर्जन भर उम्मीदवारों की प्रत्याशिता पर ग्रहण लगा दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के दौरान विभिन्न खामियों के चलते 12 उम्मीदवारों के नामांकन खारिज कर दिए। अब चुनाव मैदान में मात्र 12 ही उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंक रहे हैं। हालांकि अभी सोमवार को नाम वापसी के लिए तारीख निर्धारित है, लेकिन अब किसी भी उम्मीदवार के नाम वापस लेने की उम्मीदें कम हो गई हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच का काम भी पूरा कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल की मौजूदगी में एक दर्जन उम्मीदवारों को चुनाव से बाहर करते हुए उनके पर्चे खारिज कर दिए हैं। खारिज नामांकन पत्रों में विभिन्न खामियां पाए जाने का हवाला दिया गया है।




नामांकन स्थल का सजा हुआ गेट। अमृत विचार

नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब चुनाव मैदान में सत्ताधारी भाजपा के आरके पटेल, बहुजन समाज पार्टी के मयंक द्विवेदी, सपा-कांग्रेस गठबंधन से कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल समेत राष्ट्र उदय पार्टी के गुलाबचंद्र वर्मा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के दिनेश कुमार पटेल, भागीदारी पार्टी के पंचा उर्फ पंचमलाल, अपना दल कमेरावादी के प्रमोद कुमार, लोग पार्टी के बाबूलाल, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के रामचंद्र सरस, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के श्रीराम सिंह गौर, स्वतंत्र जनताराज पार्टी के सुरेंद्र कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार रामचरन ही शेष बचे हैं। जबकि नामांकन की आखिरी तारीख तक लोकसभा सीट से कुल 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। अभी सोमवार का दिन नाम वापसी के लिए निर्धारित किया गया है, लेकिन चुनाव की असली तस्वीर तो नाम वापसी के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### इनके नाम निर्देशन पत्र हुए खारिज

नाम निर्देशन पत्रों की जांच के बाद सपा से विकल्प रूप में दाखिल शिवशंकर सिंह पटेल समेत विकास इंडिया पार्टी से मोहनलाल, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी से उमेश समेत निर्दलीय रामसजीवन, राजकुमार, विजय प्रकाश दास, अरविंद, चंद्रभवन, राजबहादुर, बलबन खान गौरी, प्रकाश चंद्र जायसवाल और अब्दुल सोब्हान नोमानी के पर्चे विभिन्न खामियों के चलते खारिज कर दिए गए हैं। ऐसे में अब एक दर्जन प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने के मंसूबों पर पानी फिर गया है। देखना दिलचस्प होगा कि नामांकन खारिज होने के बाद चुनावी दौड़ से बाहर उम्मीदवार किस प्रत्याशी के खेमे में जाकर समर्थन करते हैं।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**नरैनीः** विवाहित को ससुरालीजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला के तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के देवरार गांव निवासी महिला आसमा का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार 25 अप्रैल 2019 में मुबारक शेख मंसूरी पुत्र इकबाल निवासी बरुआ के साथ हुई थी। मायके वालों ने दहेज में अपनी हैसियत के अनुसार नगदी सहित गृहस्थी का सारा समान दिया था। कुछ दिनों बाद पति, ससुर सहित अन्य लोग दहेज को लेकर ताना देते थे। इस बता को लेकर अपने माता-पिता को बताया। माता-पिता ने पुत्री को समझा कर ससुराल भेज दिया। कुछ दिन बाद महिला ने एक पुत्री को जन्म दिया। पुत्र पैदा न होने पर ताना देने लगे । साथ ही पीड़ित को मानसिक वा शारीरिक प्रताड़न देने लगे। महिला की तहरीर पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति मुबारक शेख मंसूरी, ससुर इकबाल, सास समीम बानो, देवर फहीम, गुलशेर, ननद गुलफशा, हुस्न्यारा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# चिकित्सक ने रक्तदान कर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सेवर्स आफ लाइफ संस्था ने चिकित्सक को किया सम्मानित
- व्हाट्सएप ग्रुप पर की गई अपील पर पहुंची डॉक्टर

**अमृत विचारः** चिकित्सकों को धरती का भगवान यूं ही नहीं कहा जाता है। अपनी सेवा, लगन और मेहनत से लोगों की जान बचाने के लिए डाक्टर्स हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसी ही एक मामले में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में तैनात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक ने रक्तदान कर बालिका की जान बचा ली। चिकित्सक के इस नेक कार्य की हर कोई सराहना कर रहा है। सेवर्स आफ लाइफ संस्था ने महिला चिकित्सक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डाक्टर को धरती के भगवान का दर्जा इसलिए दिया गया है क्योंकि वह लोगों की जान बचाने का काम करते हैं। चिकित्सक कभी नहीं चाहता कि उसके सामने पड़े मरीज की मौत हो जाए।

हालांकि आज के दौर में यह पेशा भी व्यवसायिक होता जा रहा है और आए दिन धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टरों पर कहीं न कहीं से लापरवाही, संवेदनहीनता व अन्य आरोपों वाली खबरें भी सामने आती रहती हैं। लेकिन आज भी ऐसे चिकित्सक मौजूद हैं जो अपने सामने पड़े मरीज को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और उसे बचाने के लिए जी जान लगा देते हैं। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.नीलम सिंह ने एक बार फिर मासूम बालिका की जान बचाने के लिए रक्तदान किया।



जिला अस्पताल में रक्तदान करतीं महिला चिकित्सक। अमृत विचार

महिला चिकित्सक के मुताबिक शहर के निम्नीपार स्थित कांशीराम कालोनी निवासी सरवर खान की एक वर्षीय बालिका खुशी को खून की कमी थी। चिकित्सक ने खून चढ़वाने की सलाह दी। लेकिन मासूम के पिता को रक्तदाता नहीं मिला। पिता ने रक्तदान करने वाली स्वयंसेवी संस्था सेवर्स आफ लाइफ अध्यक्ष सलमान खान से मदद मांगी। संस्था अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर रक्तदान की अपील डाली। व्हाट्एप ग्रुप पर महिला चिकित्सक ने सूचना पढ़ी तो वह रक्तदान करने के लिए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंच गईं। उन्होंने रक्तदान करते हुए मासूम की जान बचा ली।

संस्था अध्यक्ष समेत जिला अस्पताल मुख्य चिकित्साधीक्षक डा.आरके गुप्ता, शादाब खान ने महिला चिकित्सक को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया।

# निर्वाचन आयोग ने जारी किए एप

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है। निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। मतदाता बनने के लिए हेल्पलाइन एप काफी कारगर है। इसके जरिये 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लांच की गई है। निष्पक्ष चुनाव के लिए सी-विजल एप भी महत्वपूर्ण है। सी-विजिल एप की मदद से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतें घर बैठे दर्ज कराई जा सकती हैं।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य प्रकार की शिकायत करने तथा उनके निस्तारण के लिए आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया है। मतदाता ऐसी कोई भी शिकायत इस एप पर दर्ज करा सकते हैं। सी-विजिल एप का प्रयोग करने के लिए स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से सी-विजिल सिटीजन एप डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लॉग इन कर शिकायत दर्ज करने के साथ फोटो वीडियो अपलोड किए जा सकते हैं। सी-विजिल एप एक जीआईएस आधारित एप है, जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है। जिला प्रशासन की टीमें सी-विजिल एप व डिस्ट्रिक कॉल सेंटर (डीसीसी) 1950 में प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करेंगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रलोभन दिये जाने व अन्य आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामलों की शिकायत सी-विजिल ऐप पर की जा सकती है। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायत का संबंधित अधिकारी जल्द से जल्द निस्तारित करेंगे। इसके बाद विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतरू उपलब्ध हो जाएगा। नियंत्रण कक्ष एवं डीसीसी के 1950 टोल फ्री नंबर के साथ दूरभाष 05192-297257, 297258, 297259 और 297260 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## एलटी लाइन टूटने से दुकानों में लगी आग

**बदौसाः** जर्जर एलटी लाइन टूटकर गिरने से सब्जी मंडी में आधा दर्जन दुकानों के छप्पर में आग लग गई। बिजली आपूर्ति बंद कर कर व्यापारियों ने आग बुझाई। तार टूटकर गिरने से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने भग कर अपनी जान बचाई।

शनिवार की सुबह सब्जी मंडी में 440 वोल्ट का बिजली की जर्जर तारें शार्ट सर्किट की वजह से टूटकर आ गिरी। कुछ ही देर में दुकानों में धमाके के साथ आग लग गई। व्यापारी नर्बदा गुप्ता, नीरज गुप्ता, लवलेश गुप्ता, उमेश गुप्ता की दुकानों के सामने लगी छानी और छप्पर धू-धू कर जलने लगे। डरे सहमें व्यापारी दुकानें छोड़ कर बाहर भगे। कोई अनहोनी होती बिजली विभग को फोन कर विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। दुकानदारों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाया।

# सुरक्षा में चूक न होने देने का निर्देश

**निरीक्षण**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** पुलिस प्रेक्षक ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में बनने वाले स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल के साथ सुरक्षाबलों के मंडी में ठहरने की साथ सुरक्षा के सभी प्वाइंटों का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव को मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने जॉय विश्वास को लोकसभा चुनाव का पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। शनिवार को उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी समिति न् में बनने वाले ईवीएम के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल व अर्धसैनिक बलों के ठहरने के साथ-साथ सुरक्षा के लिए बनाए गए प्वाइंटों का बिदुवार निरीक्षण किया। और साथ में आए पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों अर्धसैनिक बलों के स्थान में सफाई, पेयजल, विद्युत के पुख्ता इंतजाम कराए जाने के निर्देश दिए। मंडी समिति में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए समुचित व्यवस्था रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार मौजूद रहे।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते प्रेक्षक जॉय विश्वास व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

- पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का जायजा लिया

## निरोधात्मक कार्रवाई के तहत आठ गिरफ्तार

**बांदाः** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

जनपद के कालिंजर थाना पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए पप्पू पुत्र रामकुमार रैकवार निवासी तरहटी, सुरेश पुत्र पप्पू रैकवार निवासी तरहटी, लाल बाबू पुत्र श्यामलाल निवासी जमवारा, छोटू भइया पुत्र रामप्रताप यादव निवासी परसहार, बाबू पुत्र भुरिया कुशवाहा निवासी कटरा कालिंजर शामिल हैं। जबकि चिल्ला थाना पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों में सलमान पुत्र समसुद्दीन खान निवासी ग्राम लोमर, नईम खान पुत्र हबीब खान निवासी ग्राम लौमर, वहीं मरका पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त निर्मल सिंह निवासी ग्राम काजीटोला शामिल हैं।

## बैलगाड़ी पलटने पर घसीटते रहे बैल, बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः**ऊंट को देख बिदके बैल बैलगाड़ी लेकर भाग खड़े हुए। बैलगाड़ी पलट जाने से फंसकर बुजुर्ग 20 मीटर तक घिटता चला गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पैलानी थाना क्षेत्र के गौरी खुर्द गांव निवासी बुद्धराज (64) पुत्र पुन्ना रिहायशी मकान से एक किलोमीटर दूर पुरवा में रहता है। वह गर्मी में पानी लेने के लिए एक किमी दूर गांव आता था। गुरूवार की सुबह वह बैलगाड़ी में दो ड्रम पानी लेकर पुरवा जा रहा था। तभी सामने से आ रहे ऊट को देख बैल बिदक गए। बैलगाड़ी लेकर भाग खड़े हुए। बुद्धराज बैलगाड़ी में ही फस कर करीब 20 मीटर तक घसिटता चला गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसकी हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन रूप का इंतजाम करने के लिए उसे घर ले गए। शुक्रवार की शाम उसकी मौत हो गई। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

# आग लगने से तीन मकान जले, युवक झुलसा

संवाददाता, बबेरू

- कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू
- दमकल के देरी से आने पर ग्रामीणों में रहा आक्रोश

**अमृत विचारः** अचानक आग लगने से तीन मकानों की गृहस्थी जल गई। आग बुझाने के प्रयास में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना देने के बाद एक घंटा की देरी से दमकल पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश रहा। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन किया।

कोतवाली क्षेत्र के टोलाकलां निवासी गेंदालाल पुत्र विशाली प्रजापति के तीन पुत्रों अनूप प्रजापति अजय, अनिल के मकान में शुक्रवार की रात 11 बजे अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों से घिर गया और धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें उठती देख तमाम ग्रामीण मदद को पहुंच गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने दमकल को दी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाते हुए आसपास के मकान बचा लिए। सूचना देने के एक घंटा बाद दमकल पहुंची। दमकल के देरी से पहुंचने पर ग्रामीणों में नाराजगी रही। आग बुझाने के प्रयास में अनूप (24) पुत्र गेंदालाल आग बुझाते समय गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल ने गांव पहुंचकर अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन किया। उधर, अतर्रा एसडीएम रावेन्द्र सिंह ने बताया है कि हस्तम गांव में अचानक आग लग गई थी। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर स्वयं पहुंचकर दमकल ने आग बुझाई। त्वरित कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस सहित अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गयी।



अग्निकांड से क्षतिग्रस्त मकान। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### युवक को डंडों से पीटा

**बांदा :** पैलानी थाना क्षेत्र के चंदवारा गांव निवासी रजोल (32) पुत्र तोता सिंह शुक्रवार को सब्जी लेने बाजार गया था। रास्ते में गांव के तीन लोग उसे गाली गलौज करने लगे। रजोल ने विरोध किया। इसी बात से नाराज होकर तीन लोगो ने रजोल को डंडो से पीट कर घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। आरोपी मौके से भाग निकले। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### बहला-फुसलाकर किशोरी को ले गया

**नरैनी :** गिरवां थाना क्षेत्र एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस की तहरीर देकर बताया की मेरे लड़के की बारात थाना क्षेत्र के ही एक गांव गई थी। उसकी नाबालिक पुत्री भी बरात में गई थी। जयमाल के समय उसकी पुत्री को गांव का एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया। पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**कार्यक्रम** यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं पर लगाई जा सकती है रोकथाम

# सड़क पर सुरक्षा के प्रति सचेत रहने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर आयोजित सड़क सुरक्षा पखवारा का आयोजन हुआ। समारोह में उप जिलाधिकारी समेत संभागीय परिवहन अधिकारियों, महाविद्यालय प्राचार्य और छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। एसडीएम और आरटीओ ने सभी से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। कहा कि यातायात नियमों के कड़ाई से पालन पर सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम लगाई जा सकती है।

अतर्रा कस्बा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में शनिवार को शासन के निर्देश पर आयोजित सड़क सुरक्षा पखवारा का भव्य समारोह के बीच समापन हुआ। समारोह का उद्घाटन अतर्रा एसडीएम रावेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की मृत्यु से पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। साथ ही पूरी पीढ़ी पीछे चली जाती है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहकर दुर्घटनाओं को रोककर जीरो तक ले जाना है। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शकर जी सिंह ने कहा कि स्टेकहोल्डर विभागों के अंतर्विभागीय समन्वय से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है स्वयं जागरूक होकर अपने घर और परिवार के लोगो को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अनिल कुमार ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अतर्रा के छात्रों ने भाषण, कविता तथा नुक्कड नाटक के माध्यम से समारोह में उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलायी। इस मौके पर संभागीय परिवहन अधिकारी संतदेव सिंह, प्रबंध निदेशक एनएचएआई, यात्रीकर अधिकारी राम सुमेर यादव, क्षेत्राधिकारी अतर्रा, महिला महाविद्यालय प्राचार्य डा.दीपाली गुप्ता, अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रेखा रानी, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दिनेश कुमार यादव, राजकीय इजीनियरिंग निदेशक श्रीप्रकाश शुक्ला सहित 300 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन इंद्रवीर सिंह ने किया।



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते परिवहन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

# वाणिज्य कर विभाग का व्यापारी के गोदाम में छापा

संवाददाता, नरैनी

- कस्बे में किराना व गुटखा का है थोक व्यापारी
- छापे की भनक लगने पर व्यापारी हुआ फरार

**अमृत विचार :** किराना व गुटखा के व्यापारी के गोदाम में वाणिज्य कर विभाग की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान व्यापारी दुकान छोड़कर मौके पर से भग खड़ा हुआ। छापामार कार्रवाई से कस्बे के अन्य व्यापारियों में खलबली मच गई। कुछ कारोबारी दुकानों में ताला लगाकर खिसक लिए।

करतल कस्बे के रहने वाले लल्लू गुप्ता पुत्र मोहन लाल गुप्ता काफी समय से किराना और गुटका मशाले का कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार की शाम मौके पर पहुंची सेल टैक्स की टीम ने दुकान के पास मौजूद गोदाम में छापेमारी की। व्यापारी लल्लू गुप्ता कस्बे के रहने वाले रमेश पटेल के घर में गोदाम बनाए हुए था। इस दौरान टीम के पहुंचते ही व्यापारी दुकान छोड़कर भग खड़ा हुआ। गोदाम के अंदर पहुंची टीम ने स्टाक चेक किया।

इस दौरान मौके पर मिले स्टाक के बिल बाउचर मांगे लेकिन कोई उपलब्ध नही करा पाए। इस दौरान टीम ने गोदाम के अलावा दुकान में पहुंच रखा मैटेरियल चेक किया। टीम को अवैध गुटखा और मसाला सहित तमाम सामग्री बिना बिल बाउचर के अवैध रूप से मौके पर मिली। टीम के द्वारा देर रात तक कार्रवाई और जांच पड़ताल चलती रही। वाणिज्य कर विभाग की टीम व्यापारी को दो दिन के अंदर बिल बाउचर उपलब्ध कराने की चेतावनी देकर वापस लौट गए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गेहूं क्रय केंद्रों पर अब 48 घंटे में होगा भुगतान

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- जिले में खोले गए 49 सरकारी क्रय केंद्र

**अमृत विचार।** जिले के गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री करने वाले किसानों को अब 48 घंटे के अंदर भुगतान मुहैया कराया जाएगा,साथ ही गेहूं की दर भी प्रति क्विंटल 2275 रुपए निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन के इस आदेश से अब गेहूं खरीद केंद्रों में गेहूं की आमद बढ़ने के आसार बढ़ गए हैं।

अपर जिलाधिकारी वित्त व प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद राम प्रकाश ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद में गेहूं खरीद 1 मार्च से 15 जून तक निर्धारित है। जनपद महोबा में 49 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं। इस वर्ष गेहूं क्रय का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा गेहूं की उतराई, सफाई एवं छनाई के मद में रु. 0.20 प्रति क्विंटल की दर से किये गए व्यय की प्रतिपूर्ति किसानों को की जाएगी। गेहूं क्रय केन्द्र प्रत्येक दिवस में समय सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित रहेगें। कृषक बन्धुओं द्वारा सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय किये गये गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके आधार लिंक एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से 48 घंटे में सुनिश्चित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि अब किसानों को उनकी फसल का उचित मूल भी गेहूं के केद्रों पर मिल रहा है। इसलिए किसानों को खुले बाजार में गेहूं की बिक्री न करके अब अपना गेहूं सरकारी गेंहू क्रय केन्द्रों पर ही विक्रय करें।

# महिला से अश्लीलता करने पर केस

**महोबा।** ग्राम पनवाड़ी मे एक महिला ने कस्बे के ही एक ग्रामीण पर घर के पास अश्लील हरकतें और छीनाझपटी करने पर महिला का मंगलसूत्र टूट गया। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए वह भाग गया। महिला की तहरीर पर थाना पनवाडी में छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत हो गया है।

ग्राम पनवाड़ी के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पनवाडी गांव के ही एक ग्रामीण पर आरोप लगाया कि वह उसके घर के पास आया और और पैसे के लेन देन की बात करते हुए धमकाने लगा। इसका विरोध करने पर उसने महिला के साथ छीना झपटी कर अश्लील हरकतें की, महिला के चीखने चिल्लाने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पीड़िता ने थाना पनवाड़ी में ग्रामीण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश के प्रत्याशी मध्य प्रदेश के घरों में मांग रहे वोट

**नईमुर्रहमान, महोबा**

- एमपी में प्रवेश करने के बाद यूपी के गांव का मिलता रास्ता
- सरहद के घालमेल से प्रत्याशी और प्रचारक हो रहे परेशान




**अमृत विचार।** सरहद की घालमेल से प्रत्याशी और मतदाता दोनों ही परेशान है। मध्यप्रदेश की सीमा पर आबाद कुछ गांव में अजीबोगरीब स्थिति है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र का प्रत्याशी मध्यप्रदेश के मतदाताओं से वोट मांग रहा है, तो कहीं मप्र के प्रत्याशी उप्र के घरों में दस्तक दे देते हैं। मतदान के दिन भी यूपी एमपी की सीमाएं मतदाताओं को हलाकान करेंगी। गांव यूपी के और उसमे दाखिल होने का रास्ता एमपी का है, जिससे प्रत्याशी और समर्थक पसोपेश में पड़ जाते हैं, यहां तक की तमाम प्रत्याशी तो यूपी के एमपी की सीमा में बसे गांव में संपर्क नहीं कर पाते हैं।

जिले की कुलपहाड़ और महोबा तहसील के तमाम गांव मध्यप्रदेश की सीमा से सटे हुए गांव में हैं। कई गांव की स्थिति यह है कि पहले एमपी में घुसना पड़ता है, इसके बाद फिर यूपी का रास्ता मिलता है। अजनर क्षेत्र के ग्राम भगारी, धवर्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे गांव हैं, जो एमपी में पहुंचे बिना जिले के गांव में नहीं पहुंच सकते हैं। यूपी एमपी का जबरजस्त घालमेल होने से इन गांवों की हालत यह है कि घर का दरवाजा अगर यूपी में खुलता है तो पिछले कमरे के खपरेल का पानी एमपी मे गिरता है। यूपी के गांव के विद्यार्थी एमपी की बिजली लाइन के खंभों नीचे पढते हैं। सीमा घालमेल में प्रत्याशी और उनके प्रचारक फंस रहे हैं। हमीरपुर महोबा संसदीय सीट के प्रत्याशी उन गांव में वोट मांग रहे हैं, जो मकान एमपी में दर्ज हैं। प्रत्याशी सिर्फ चुनाव के मौके पर ही पहुंचते हैं, जिससे वह पांच साल में यह भी भूल जाते हैं कि कौन गांव यूपी का है और कौन गांव एमपी का है। मकानों और दीवारों में बंटे सूबे में उनको यह पहचान कर पाना दूभर हो जाता है कि कौन उनके मतदाता हैं और कौन एमपी के मतदाता हैं।

सबसे ज्यादा सीमा का घालमेल अजनर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में है। इन गांवों के लिए यूपी की धरती से कोई रास्ता नहीं है। यूपी के गांव में संपर्क करने के लिए पहले एमपी के गांव में प्रवेश करना पड़ता है। इसके बाद यूपी के गांव में दाखिला मिलता है। मतदान के दिन सीमाएं सील हो जाने से इन गांव के अधिकांश मतदाताओं को मतदान करने में भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। चुनाव के अलावा दिनचर्या में भी सीमाएं आड़े आती हैं। धवर्रा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों लोकसभा चुनाव के चलते आएदिन प्रत्याशी आकर वोट मांग रहे हैं। यहां तक कि एमपी के गांव में कभी कभार यूपी के प्रत्याशी वोट मांगने पहुंच जाते हैं तो कभी कभार यूपी के गांव में एमपी के प्रत्याशी आ जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव में सिर्फ प्रत्याशी आते हैं और वादे भी करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद फिर मुड़कर नहीं देखते हैं, जिसके चलते वह यूपी, एमपी के गांव भूल जाते हैं।

### निवासी यूपी में सुविधाएं ले रहे एमपी की

यूपी एमपी की सरहद पर बसे कई गांव के बाशिंदे नाम के लिए तो यूपी में निवास कर रहे हैं, जबकि चिकित्सा, शिक्षा, पानी जैसी सारी सुविधाएं एमपी की ले रहे हैं। कारण, मध्यप्रदेश के चारो तरफ से घिरे यूपी के इन गांव के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय 60 किमी दूर पड़ता है। जबकि एमपी का जिला छतरपुर बीस से पच्चीस किमी0 पड़ता है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव आठ से दस किमी दूर है। कमोवेश यही स्थिति स्कूल कालेजों की भी है, जिससे यूपी एमपी की सरहद पर बसे गांव के लोग बाजार से लेकर सबकुछ एमपी में ही करते हैं, लेकिन उन्हें जमीन जायजाद के मामलों के लिए यूपी जिला मुख्यालय महोबा आना पड़ता है। यहां तक कि एमपी से निकली बिजली लाइन के खंभों में लगी ट्यूबलाइट, हाईलोजन की रोशनी यूपी में आती है।

# शहर में शाम को गई बिजली, आधी रात को आई

## बिजली न आने से लोगों ने घरों के बाहर टहलकर वक्त काटा

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे बिजली कटी तो रात बारह बजे के करीब दर्शन हुए। इस बीच बिजली न आने से लोग घरों से बाहर निकलकर मोहल्ले, चौराहो और मैदानों में खड़े होकर बिजली विभाग को कोसते नजर आए तो वहीं लोकसभा चुनाव की चर्चा कर अपना समय निकालते हुए बिजली आने का इंतजार करते रहे। बिजली विभाग से इस संबन्ध में पूछे जाने पर बताया कि 33केबी लाइन में दिक्कत आने के कारण बिजली गुल रही, जिसे कर्मियों को लगाकर दुरुस्त कराया गया है।

एक ओर शहर वासी गर्मी और लू के थपेड़ों से बेहाल हैं। वहीं विद्युत विभाग द्वारा किए जाने वाली बिजली की मनमानी कटौती से लोगों का बुरा हाल है। आएदिन घंटो बिजली न आने से लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। वहीं कारोबार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बिजली की बेहिसाब कटौती के चलते महिला, वृद्धजनों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। रात दस बजे के करीब एक दो बार बिजली आई और लोग घरों के लिए चलने लगे, लेकिन लोगों के मुड़ते ही बिजली फिर चली गई, जिससे लोग इधर-उधर खड़े होकर चर्चाएं करने लगे। आधी रात बिजली आई तो राहत मिली।

### ट्रासफार्मर में आग लगने से अफरातफरी


ट्रांसफार्मर में लगी आग।

शहर के रोडवेज के समीप सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, जिससे लोगों और वाहन चालकों में अफरातफरी मच गई। आग लगते देख ट्रांसफार्मर के समीप खड़े लोग इधर से उधर भागकर अपने को सुरक्षित करने में लग गए। दुकानदारों द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर में आग लगे होने की सूचना कर एरिये की बिजली बंद कराई, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद बिजली लाइन को ठीक किया, लेकिन बिजली नहीं आई और रात करीब बारह बजे बिजली आने के बाद लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

# सड़क किनारे खुले रखे विद्युत ट्रांसफार्मर खतरे का संकेत

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** शहर के मुख्य मार्गो और मेन चौराहों पर सड़क किनारे बिना जाली के रखे विद्युत ट्रांसफार्मर लोगों के लिए खतरा बने हुए है। ट्रांसफार्मर के करीब से दिन भर सरपट वाहन भी दौड़ते रहते हैं, जिससे वाहन चालकों के सामने भी दुर्घटना का भय बना रहता है। इतना ही नहीं आजाद चौक से लेकर जीजीआईसी तक मुख्य मार्ग में कई ट्रांसफार्मर बिना जाली के रखे हुए है, जो लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। चालकों का अपने वाहन से जरा सा भी संतुलन खोने पर बड़ी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता है और बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जानकारी होने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

शहर के रोडवेज ऊदल चौक मार्ग, आल्हा चौक से हवेली दरवाजा मार्ग और छतरपुर मार्ग पर बिजली विभाग द्वारा बिना सुरक्षा जाली के ट्रांसफार्मर सडकों के किनारे स्थापित करा दिए हैं, जो कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। शहर के मार्गों पर रखे यह ट्रांसफार्मर दो पहिया, तीन पहिया सहित सभी गुजरने वाले वाहनों के लिए खतरे की घंटी बजा रहे हैं। कई ट्रांसफार्मर तो व्यस्तम चौराहों पर ही रख दिए गए, जहां पर ट्रांसफार्मर के आसपास लोग चार पहिया ठेलिया व अस्थाई दुकानें लगाकर अपनी रोजी रोटी चला रहे है। इन ट्रांसफार्मरों के आसपास चाय, पान सहित कई दुकानें संचालित है और इन दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ भी जुटती है।

# लापता युवक का शव पुल के नीचे मिला

**महोबा।** थाना अजनर की धवर्रा चौकी अन्तर्गत पठारी गांव निवासी एक युवक का शव भदार नदी के समीप पुल के नीचे मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना अजनर के ग्राम पठारी निवासी ठाकुरदास कुशवाहा के पुत्र सुखनन्दन उर्फ हलकुट्टा शुक्रवार की शाम नशे में घर से चला गया था। परिजनों द्वारा उसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार को सुबह शौच क्रिया को गये ग्रामीणों ने पुल के पास एक शव देखा और पास जाकर उसकी सुखनन्दन के रूप में शिनाख्त की। इसके बाद परिवार वालो को सूचना दी गई। मौके पर पहुचे परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे चौकी इंचार्ज धवर्रा शिवदान सिंह ने शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# दहेज में पांच लाख न देने पर युवती को घर से निकला

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** एक साल पहले हुई शादी के बाद भी ससुरालीजनों द्वारा 5 लख रुपए की मांग करने लगे। पांच लाख नगद देने से माना कर दिया तो ससुराली जनों ने युवती को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। बाद में पति उसे झांसी के इलाइट चौराहे में छोड़ आया। युवती ने मायके आने के बाद पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। एसपी के आदेश पर पीड़िता के पति समेत आधा दर्जन ससुराललली जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम मोरी निवासी सुंदरलाल ने अपनी बेटी प्रीति का विवाह जनपद झांसी की ग्राम भीखा गरौठा में सत्येंद्र के साथ 6 में 2023 को किया था युक्ति के पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था, और 3 लाख रुपए नकद भी दिया था। इसके बाद भी ससुराल वाले खुश नहीं हुए और और पांच लाख की मांग करने लगे विवाहिता के मना करने पर ससुराली जनों ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में पति उसे झांसी के इलाइट चौराहे में छोड़ आया, कि मायके चली जाना। विवाहिता ने फोन करके भाई को बुलाया और मायके केगराम मौहरी आ गई। और मां-बाप को सारी कहानी बताई। प्रीति ने पिता के साथ जगत पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की निर्देश पर कोतवाली कुलपहाड़ में पति सत्येंद्र, नंद संध्या, संगीता सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# खेत में पैदावार कम होने से किसान को हार्टअटैक, मौत

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- तीन दिन से खाना नहीं खा रहे थे, बेटे कर रहे मजदूरी
- पत्नी को सता रही 50 हजार का कर्ज अदा करने की चिंता

**अमृत विचार।** थाना खरेला के ग्राम बरदा मे रबी की फसल की पैदावार इस साल आधे से भी कम होने और साहूकारों से लिये गए कर्ज से परेशान किसान की अटैक पड़ने से मौत हो गई। घर के मुखिया की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घर में रोना पीटना मचा हुआ है। अब मृतक की पत्नी को कृषि कार्य के लिए साहूकारों से लिए गए 50 हजार कर्ज अदायगी की चिंता सता रही है।

ग्राम बरदा निवासी हरिदास 62 पुत्र मुलुवा ने इस साल 16 बीघा जमीन पर चना और गेहूं की फसल की बुवाई की थी। बीज खरीदने और बुवाई करने सहित कृषि कार्य के लिए उसने गांव के ही साहूकारों से 50000 रुपए कर्ज लिया था। कि फसल आने पर साहूकारों के कर्ज की अदायगी कर दी जाएगी, लेकिन इस साल बेमौसम हुई बारिश से किसान की फसल बर्बाद हो गई और 50 फीसदी भी पैदावार नहीं हुई। इसी से किसान कर्ज की अदायगी को लेकर परेशान रहने लगा। शनिवार को हार्टअटैक पड़ने से किसान की मौत हो गई। मृतक किसान की पत्नी चंदाबाई ने बताया कि घर पर फसल हर साल की अपेक्षा इस साल आदि से भी कम आई। इससे उसके पति परेशान रहने लगे और तीन दिन से वह खाना भी नहीं खा रहे थे।

काफी मनाने के बाद वह खाना खाने के लिए राजी हुए, लेकिन नाममात्र ही खाना खाया। खाना खाते समय कह रहे थे कि इस साल फसल बर्बाद हो गई है। अब किसानों का कर्ज कैसे अदा होगा। शनिवार को उन्हें हार्टअटैक पड़ा और उनकी मौत हो गई।

# कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित ने सीओ से इंसाफ मांगा

**मौदहा (हमीरपुर)।** पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी के चौखट पर पहुंच कर आपबीती सुनाते हुए न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गुरदाहा गांव निवासी राम लखन ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आप बीती सुनाते हुए बताया कि बीते 30 अप्रैल बंटवारे के लेकर शिव भवन, रामखिलावन, विपिन, राहुल आदि लोगों ने उसे और उसकी पत्नी को लाठी डंडे से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया है। कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने मामले को मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं था। कोतवाली पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर पत्नी का मेडिकल परीक्षण करने और सुसंगत धाराओं में आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की क्षेत्राधिकारी से मांग की है।


गोष्ठी में बोलतीं प्रधानाचार्य सरगम खरे।


छात्राओं ने बनाई रंगोली। अमृत विचार

# मतदाता जागरुकता अभियान की विद्यार्थी परिषद ने जगाई अलख

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के मौके पर वक्ताओं ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की, जिससे चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ सके। कार्यक्रम से पूर्व छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से वोट डालने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में चुनाव को राष्ट्रीय महापर्व बताया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सरगम खरे ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों का मनमोह लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह अक्सर अपना योगदान अलग-अलग भूमिकाओं को अदा कर देती रहती है। आदर्श चक्रवर्ती ने बच्चों को वोट की कीमत बताई। कहा कि छात्राएं भी घर पर अपने माता-पिता को मतदान करने के प्रति प्रेरित कर सकती हैं। इसलिए कॉलेज में गोष्ठी कर मतदान के अधिकार के बाबत जानकारी दी गई। इस मौके पर कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## सार-संक्षेप

### किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** किशोरी ने अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कस्बे के सीएचसी में भर्ती कराया। पड़ोसी जनपद बांदा के ग्योड़ी गांव निवासी क्रांति (18) पुत्री नन्नू ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ने पर सीएचसी में भर्ती कराया।

### युवती की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**कमासिन :** कस्बा निवासी शिवकुमारी (24) पत्नी सुमित दो माह से बीमार थी। उसका रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में इलाज करवाया गया। जांच के बाद डॉक्टरो ने दिमाग में पानी होने के बात बताई थी। उसका प्रयागराज के एक अस्पताल में आप्रेशन हुआ। इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। ससुराली जन शव लेकर कमासिन आ गए। इस पर मृतका के पिता मोतीलाल निवासी खोह चित्रकूट ने थाने में सूचना दी कि उसकी बेटी की हत्या कर दी गई। मृतका के जेठ सुनील ने बताया कि शिवकुमारी की शादी 15 मई 2023 को हुई थी।

### चार लोगों ने जहर खाया

**बांदा :** चिल्ला थाना क्षेत्र के लौमर गांव निवासी मिथलेश (42) पत्नी बदलू का शनिवार की सुबह देवरानी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव निवासी भारत (18) पुत्र दिलीप ने शनिवार की सुबह पिता की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी चंद्रपाल (32) पुत्र बुक्कू ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी पूनम (35) पत्नी देवेंद्र ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जल संकट से निजात की मांग

**नरैनी :** कस्बे के बरुआ स्योडा सुभाष नगर निवासी बिंदा दीन, लड़कू, शिवप्रसाद, राजेश कुमार, रामदीन, इंद्रपाल पथिक आदि ने उप जिलाधिकारी को पत्र लिख कर बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा लाखो रुपए खर्चा कर कुएं में समरसेबल डालकर पानी की व्यवस्था की गई। फिर भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो रही है।

**बदहाली** देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गई इमारत

# हथकरघा उद्योग केंद्र बंद हो जाने से कारीगर बेरोजगार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** शहर के पूल्ड हाउस कलोनी के समीप बना हथकरघा उद्योग केंद्र बंद हो जाने से सैकड़ों श्रमिक व कारीगर बेकार हो गए हैं। इन कारीगरों के सामने हथकरघा उद्योग केंद्र बंद हो जाने से रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। हथकरघा में लगी बड़ी बड़ी मशीने धूल चाट रही हैं और अन्य उपकरण जंग लगने के चलते बेकार हो गए हैं। देखरेख के अभाव में हथकरघा उद्योग की बड़े क्षेत्र में बनी इमारत भी जर्जर होकर गिर गई है। इमारत का कुछ हिस्सा गिरने के कारण हथकरघा की मशीनें भी मलबा गिरने से बेकार हो गई है।


खंडहर में तब्दील हथकरघा केंद्र। अमृत विचार

गौरतलब है कि तीन दशक पहले शहर में खोला गया हथकरघा उद्योग केंद्र में तमाम श्रमिक और कारीगर सूत बनाने से लेकर तमाम कार्य किया करते थे और यहां पर तैयार होने वाला माल कानपुर व अन्य स्थानों पर भेजा जाता था। इस उद्योग केंद्र के संचालन के समय तमाम लोगों को रोजगार मिला हुआ था साथ ही अन्य लोग भी हथकरघा में रोजगार मिलने की उम्मीद में कारीगर बन गए थे, लेकिन कुछ कारीगरों को चंद साल ही काम करने का मौका मिला और उद्योग केंद्र ही ठप हो गया। इस केंद्र में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी बडे पैमाने पर काम करती थी, लेकिन उद्योग केंद्र के अचानक बंद हो जाने के बाद यहां के कारीगरों का परिवार रोजी रोटी के लिए तरस रहा है। मालूम हो कि सालों हुनर सीखने के बाद जब लोग कारीगर बनकर तैयार हो गए, लेकिन कुछ सालों बाद ही हथकरघा उद्योग केंद्र में ताले लटक गए थे। उल्लेखनीय है कि तीन दशक पहले कुटीर उद्योगों को अधिक महत्व दिया जाता था, लेकिन अब कुटीर उद्योग ही धीरे धीरे बंद होते चले गए, इससे हुनर सीखने के बाद भी लोग बेकार हो गए। अब दूसरा हुनर सीखने के लिए लोगों की रुचि नहीं रह गई है। उद्योग केंद्र के बंद होने से भारी संख्या में लोगों की रोजी रोटी छिन गई, जिसके चलते कुछ लोग शहर चले गए तो कुछ लोकल में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

### हथकरघा केंद्र का भवन बना शराबियों का अड्डा

हथकरघा उद्योग इमारत में लगे दरवाजे धीरे धीरे टूट कर गिर गए हैं। शटर भी जंग खाकर बेकार हो गए हैं, जिससे फालतू खूमकर कबाड़ एकत्र करने वाले लोग गली हुई शटर भी तोड़ तोड़कर ले गए, जिससे शटर का अब कोई अता पता नहीं है। हथकरघा का कोई पुरसाहाल न होने के कारण यह इमारत जुआरियों और अराजकतत्वों, शराबियों का अड्डा बन गई है, वहीं कुछ बच्चे हथकरघा परिसर में क्रिकेट खेल रहे हैं।

# कांशीराम कॉलोनी की सफाई में लगी टीमें

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

- काशीराम कॉलोनी के आसपास छह घंटे सफाई

**अमृत विचार।** शहर में सफाई रखने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन द्वारा चलाए गए सफाई अभियान के तहत शनिवार को काशीराम कॉलोनी के आसपास सफाई कर्मचारियों की दो अलग-अलग टीमें लगाकर नाले नालियों की सफाई के साथ-साथ कूड़े के लगे ढेर को भी हटवाया गया। ताकि काशीराम कॉलोनी के बाशिंदों को संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके। अभियान सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जारी रहा।

गंदगी के चलते मच्छरों की भरमार से जूझ रहे लोगों को इससे निजात दिलाने और बीमारियों से दूर रखने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की दो टीमों को लगाकर सफाई अभियान शुरू कराया गया। सबसे पहले एसपी ऑफिस के पीछे बनी काशीराम कॉलोनी में दो दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारियों को लगाकर नाले नालियों से कीचड़ निकाल कर ट्रैक्टरों से भरकर फेंका गया। इसके बाद समूचे परिसर में झाड़ू लगवा कर साफ सफाई कराई गई। साफ सफाई होने से यहां के वाशिंदों ने राहत की सांस ली, साथ ही जगह-जगह नाले नालियों में भरे गंदे पानी और कीचड़ से पनप रहे मच्छरों से भी अब लोगों को निजात मिलेगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सफाई अभियान चलाया जा रहा है।


काशीराम कॉलोनी परिसर में सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

